

*कर्नाटक की 21 वर्षीय सिनी शेट्टी ने फेमिना मिस इंडिया 2022 का खिताब जीत लिया। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वैंशन सैंटर में रविवार की रात आयोजित फेमिना मिस इंडिया-2022 प्रतियोगिता में राजस्थान की रूबल शेखावत प्रथम उपविजेता और उत्तर प्रदेश की शिनाता चौहान द्वितीय उपविजेता रहीं। फेमिना मिस इंडिया ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, ''सिनी शेट्टी ने अपने आकर्षण, धीरज और सुंदरता से हमारे दिलों पर कब्जा कर लिया है। हमें बहुत गर्व है और हम उन्हें मिस वर्ल्ड के मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।'' मिस इंडिया-2022 के लिए देश भर से 30 युवतियाँ शामिल हुईं। बॉलीवुड कलाकार नेहा धूपिया, डीनो मोरिया और मलाइका अरोड़ा, मशहूर फैशन डिजाइनर रोहित गांधी और राहुल खन्ना, कोरियोग्राफर श्यामक डावर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर मिताली राज ग्रैंड फिनाले के लिए जूरी सदस्य थे।*

# देश का घाटा पिछले साल के मुकाबले जून 2022 में लगभग ढाई गुना हुआ

## हालांकि, भारत के निर्यात में बढ़ोतरी हुई है लेकिन महंगी दरों पर पैट्रोलियम प्रोडक्ट खरीदने के कारण व्यापार घाटे में भारी बढ़ोतरी हुई है

- **भारत का निर्यात इस वर्ष पिछले साल के मुकाबले 16.87 प्रतिशत बढ़ गया है। आयात में अपेक्षाकृत तेज उछाल के चलते जून 2022 में व्यापार घाटा 25.63 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर रहा, जबकि जून 2021 में व्यापार घाटा 9.61 अरब डॉलर था।**
- **रेटिंग एजेंसी इन्क्रा के अनुसार, इस साल की दूसरी तिमाही में भारत का व्यापार घाटा 30 अरब डॉलर पर पहुँच सकता है।**

नई दिल्ली , 4 जुलाई (वार्ता)। पेट्रोलियम उत्पाद, रत्न-आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रेडीमेड कपड़ों की विदेशों से अच्छी मांग के बीच भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात जून 2022 में सालाना आधार पर 16.87 प्रतिशत बढ़कर 37.94 अरब डॉलर हो गया। पिछले वर्ष इसी माह निर्यात 32.49 अरब बिलियन डॉलर था।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी प्रारंभिक व्यापार आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 में आयात 51.02 प्रतिशत उछल कर 63.58 अरब डॉलर हो गया जबकि जून 2021 में यह 42 अरब डॉलर था।

आयात में अपेक्षाकृत तेज उछाल के चलते जून 2022 में व्यापार घाटा 25.63 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर रहा, जबकि जून 2021 में व्यापार घाटा 9.61 अरब डॉलर था।

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान व्यापार घाटा दोगुना से अधिक हो कर 30 अरब डालर से अधिक होने जा रहा है जो पिछली तिमाही में 13 अरब डालर था।

जून में गैर-पेट्रोलियम निर्यात 30.12 बिलियन अरब डॉलर था, जो जून के 28.54 अरब डालर की तुलना में 5.53 प्रतिशत अधिक है। जून 2022 में गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण निर्यात का 26.75 अरब डॉलर था, जो जून 2021 में 25.72 अरब डालर से चार प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा,'' इस दौरान पेट्रोलियम उत्पाद के निर्यात में (98.01 प्रतिशत), इलेक्ट्रॉनिक सामान (50.66 प्रतिशत) और रेडीमेड गार्मेंट सहित सभी प्रकर के वस्त्रों के निर्यात में (44.67 प्रतिशत) की अच्छी वृद्धि से जून 2022 के दौरान निर्यात में अच्छी वृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ।

इस दौरान इंजीनियरिंग सामान का निर्यात में 1.57 प्रतिशत गिरकर 9.14 अरब डॉलर रहा जो कि जून 2021 में 9.29 अरब डॉलर था जो देश से वाणिज्यिक वस्तुओं के निर्यात में इंजीनियरिंग सामानों योगदान लगभग एक-चौथाई रहता है।

भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात सवर्धन परिषद (ई.ई.पी.सी. इंडिया) के अध्यक्ष महेश देसाई ने कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था में मंदी का मुख्य कारण रूस-यूक्रेन युद्ध से व्यापार में कमी आने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक बाधाओं के नकारात्मक प्रभाव के परिणामस्वरूप इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात प्रभावित हुआ है। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के अध्यक्ष डा ए शक्तिवेल ने कहा कि इस समय उत्पन्न भू-राजनीतिक चुनौतियों में भी भारत के निर्यात में करीब 17 प्रतिशत की वृद्धि देश के निर्यात क्षेत्र की आंतिक शक्ति और जुझारूपन का प्रमाण है।

## उद्धव ठाकरे को झटके पे झटका

मुंबई, 4 जुलाई (वार्ता)। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को सोमवार को एक और झटका लगा जब विधायक संतोष बांगर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे में शामिल हो गये।

मराठवाड़ा में हिंगोली जिले के कलामनुरी निर्वाचन क्षेत्र के विधायक बांगर रविवार तक ठाकरे के साथ थे और उन्होंने शिवसेना अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राजन साल्वी के पक्ष में मतदान किया था। पिछले सप्ताह विद्रोही समूह के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले बांगर को शिंदे के साथ उस समय देखा गया , जब वह विश्वास मत परीक्षण के लिए विधानसभा के लिए रवाना हुए थे। इससे पहले रविवार की रात ठाकरे समूह के पार्टी के अजय चौधरी की ग्रुप लीडर के रूप में नियुक्ति रद्द कर दी गयी। विधायी सचिवालय ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भेजे पत्र में कहा है कि चौधरी की नियुक्ति रद्द कर दी गयी है। पत्र में कहा गया है कि मुख्य सचेतक के रूप में सुनील प्रभु की नियुक्ति रद्द कर दी गई है और उनकी जगह भारत गोगावले को यह दायित्व सौंपा गया है।

# कुल्लू में बस गहरी खाई में गिरी, 13 लोगों की मौत

## हादसे के पुख्ता कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है

- **राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है।**

कुल्लू, 4 जुलाई (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में हुई बस दुर्घटना में एक और घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत होने से इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 13 हो गई है।

कुल्लू के उप जिलाधिकारी प्रशांत सरकैक ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि कुल्लू अस्पताल में हादसे में घायल एक अन्य व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। जिसके साथ ही इस हादसे के मृतकों की संख्या 13 हो गई है।

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घटनास्थल का दौरा कर प्रशासन से बस हादसे की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासन को मौके पर राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर उचित दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि हादसे की न्यायिक जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच के बाद सरकार मामले पर आगामी कार्रवाई करेगी। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह हादसे के समय हैदराबाद में थे। उन्होंने फोन पर ही प्रशासन को उचित बचाव कार्य के लिए दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने बस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मृतकों के आश्रितों को सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि बस में कुल 15 लोग सवार थे, जिसमें से 13 लोगों की मौत हो चुकी और दो लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया कि घायलों के परिवारों के इलाज के लिए सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुल्लू में हुए बस हादसे पर दुःख प्रकट किया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए ट्वीट कर कहा, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में हुए बस हादसे में विद्यार्थियों समेत कई लोगों की मौत का दुःखद समाचार सुनकर व्यथित हूं।'' इस दुर्घटना में अपने बच्चों एवं प्रियजन को खोने वाले शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहन शोक संवेदनाएं मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बस हादसे पर गहरा शोक जताते हुए हादसे में मारे गए लोगों के स्वजनों को दो-दो लाख रूपये और घायलों को 50-50 हजार रूपये की फौरी राहत राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मोदी के हवाले से ट्वीट किया, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में हुआ बस हादसा हृदय विदारक है। दुख की इस घड़ी में शोकसंतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन दुर्घटना पीड़ितों को हर संभव मद्द मुहैया करा रहा है।

# 'केन्द्र ने राज्यों को मनरेगा का पैसा देना भी बंद किया'

## कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि, मोदी सरकार की ऐसी नीतियों के कारण कई राज्यों में आर्थिक संकट पैदा हो रहा है

- **उन्होंने कहा कि, केंद्र सरकार को राज्य सरकारों को मनरेगा का सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों- करोड़ों रुपए का बकाया देना है। राज्यों को देशभर के श्रमिकों को 11,097 करोड़ रुपए का बकाया भुगतान देना है।**

नई दिल्ली, 4 जुलाई (वार्ता)। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने पहले गरीबों की नौकरियां खत्म कर उनकी रोजीरोटी छीनी और अब मनरेगा का पैसा भी देना बंद कर दिया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार ने कई राज्यों को मनरेगा का पैसा आवंटित नहीं किया है जिससे वहां मनरेगा श्रमिकों के समक्ष आर्थिक संकट पैदा हो गया है। उनका कहना था कि मनरेगा का केंद्र ने सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों करोड़ रुपए का बकाया देना है।

उन्होंने ट्वीट कर कहा पहले रोजगार खत्म किया अब मनरेगा का पैसा रोक कर गरीबों की जीविका छीन रही है मोदी सरकार। देशभर के श्रमिकों के 11,097 करोड़ रुपए बकाया हैं। राज्यों को मनरेगा के हजारों करोड़ रुपए नहीं दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री दुष्प्रचार छोड़िए, लोगों के असली मुद्दों पर ध्यान दीजिए।

इसके साथ ही उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार में छपी एक खबर की क्लीपिंग पोस्ट की है जिसमें लिखा है कि सिर्फ बंगाल ही नहीं केंद्र ने अन्य कई राज्यों को मनरेगा का पैसा आवंटित नहीं किया है।

## जापान में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

**डेटा:** टोक्यो में शनिवार को तापमान लगातार आठवें दिन 35 डिग्री सैल्सियस रहा। वर्ष 1875 में, जापान में सबसे रिकाड्र्स रखना शुरू हुआ, उसके बाद से राजधानी में ऐसी हीट वेव सिर्फ एक बार पहले आ चुकी है।

**संदर्भ:** हाई डिमांड अवधि में जापान, पावर ब्लैकआउट्स की संभावना ज्यादा है, क्योंकि वह अधिकतर लिक्विफाइड नैचुरल गैस (एल.पी.जी.) पर निर्भर है, जिसका भण्डार करना कठिन होता है और रूस ने गत फरवरी माह में जब से यूक्रेन पर आक्रमण किया है, तब से यह और मंहगी हो गई है।

## बैठक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इसके साथ ही विधायकों का सामूहिक भोज भी निरस्त कर दिया गया है। इस बैठक में कांग्रेस के अलावा निर्दलीय एवं कांग्रेस समर्थित अन्य विधायकों को निमंत्रण भेजा गया था। दरअसल, विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा नामांकन दाखिल करने के बाद लगातार अलग-अलग प्रदेशों में जाकर कांग्रेस एवं यू.पी.ए. समर्थित विधायकों एवं नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं, इसी कड़ी में उनका 5 जुलाई को प्रदेश आगमन का कार्यक्रम तय हुआ था लेकिन वह फिलहाल कैंसिल हो गया है।

# फिल्म के पोस्टर में काली माता को सिगरेट पीते दिखाया

## फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने का मामला दर्ज किया गया

- **फिल्म निर्माता द्वारा पोस्टर जारी करने के बाद लोगों ने अपना गुस्सा सोशल मीडिया पर भी जाहिर किया, सोशल मीडिया पर लोगों ने लीना की गिरफ्तारी की मांग की।**

नई दिल्ली, 4 जुलाई (वार्ता)। फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म काली का एक पोस्टर जारी किया, जिसके बाद वह विवाद में घिर गयी। पोस्टर में देवी काली को गलत तरीके से चित्रित किया गया है।

पोस्टर देखकर हिन्दू धर्म से जुड़े लोगों की भावनाएं आहत हो गई हैं। जिसके कारण सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया है। इसमें माँ काली का अपमान किया गया है। देवी को आपत्तिजनक स्थिति में दिखाए जाने पर यूजर्स लीना को आड़े हाथ ले रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पोस्टर में देवी काली को सिगरेट पीते हुए दिखाया गया है। साथ ही उनके पीछे एल.जी.बी.टी. समुदाय का झंडा भी दिख रहा है।

फिल्म निर्माता लीना ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, अपनी हालिया फिल्म के लॉन्च को आज साझा करते हुए बेहद उत्साहित हूं- आज आगा खान संग्रहालय में रिदम्स ऑफ कनाडा के हिस्से के रूप में अपने क्रू के साथ उत्साहित महसूस कर रही हूं।

फिल्म निर्माता द्वारा पोस्टर जारी करने के बाद लोगों का गुस्सा सोशल मीडिया पर दिखा। सोशल मीडिया पर लोगों ने लीना की गिरफ्तारी की मांग की। भगावा क्रांति सेना के अध्यक्ष प्राची साध्वी ने ट्वीट किया, इस ट्वीट को ज्यादा से ज्यादा रिट्वीट कीजिए और लीना की गिरफ्तारी की मांग कीजिए।

फिल्म निर्माता ने कहा, मेरे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। मैं बिना डरे अपनी आवाज के साथ खड़ी रहूंगी चाहे इसके लिए मुझे अपनी जान भी क्यों न गंवाना पड़े।

## पत्रकारिता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चाहिए क्योंकि इससे पूरे मीडिया में भय का माहौल है।

प्रैस एसोसिएशन, देहली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, आई.जे.यू. और वर्किंग न्यूज कैमरामैन एसोसिएशन द्वारा यह मीटिंग प्रैस क्लब ऑफ इण्डिया (पी.सी.आई.) में आयोजित की गई। इसे जाने माने पत्रकार टी.एन. नैनन और ''द वायर'' के चीफ एडीटर सिद्धार्थ वरदराजन के अलावा अन्य ने संबोधित किया।

मीटिंग में पारित प्रस्ताव में मीडिया कर्मियों की मनमानी गिरफ्तारी के अलावा पी.आई.बी. अधिस्वीकरण के लिए नई सी.पी.ए.सी. गाइडलाइन्स, विशेष आधार पर करीब 3सौ पत्रकारों को पी.आई.बी. अधिस्वीकरण के नवीनीकरण से इन्कार संसद में कोविड प्रतिबंधों के जारी रहने सम्बन्धित बात कही गई। हाल ही एक मीडिया को छोड़कर शेष वीजुमल मीडिया को एन.डी.ए. के राष्ट्रपति पद के लिए मनोनीत प्रत्याशी का फोटो लेने की अनुमति नहीं दी गई।

## निकट भविष्य में ऑयल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

क्योंकि तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं तथा कम मात्रा में निर्यात करने पर भी, तेल निर्यात से होने वाली उसकी कमाई पर कोई नकारात्मक असर नहीं हुआ है।

जो भी है, रूस की कमाई अपेक्षाकृत बढ़ गई है और केवल तेल-निर्यात ही उसके लिए शत्रुता तथा युद्ध की स्थिति को जारी रखने के लिये पर्याप्त है। तेल और गैस की कीमतों की वर्तमान स्थिति में, रूस अपने तेल-उत्पादन में 50 लाख बैरल प्रतिदिन की कमी करके भी अपना काम चला सकता है।

उसका यह कदम यूक्रेन के पश्चिमी समर्थकों के लिये एक कड़ी सजा सिद्ध हो सकता है।

रूस ने यूरोपीय देशों तथा खास तौर से जर्मनी को होने वाली गैस की सप्लाई में उल्लेखनीय कमी कर दी है। इस देश ने इतनी ऊँची कीमतों का रूबल्स में भुगतान करने से इनकार कर दिया है तथा एक प्रकार ईंधन की राशनिंग भी लागू कर दी हैं।

पश्चिमी देश, अर्थात यूरोपीय संघ के सदस्य तेल पर एक प्रकार की ''प्राइस कैप'' लगाये जाने पर विचार कर रहे हैं। इस धमकी का मुकाबला करते हुये, रूस अपने तेल एवं गैस उत्पादन में तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में सप्लाई देने में और भी ज्यादा कटौती करने की धमकी दे रहा हैं।

रूस तथा यूरोपीय संघ दोनों के रूखों में आ रही और भी सख्ती के फलस्वरूप तेल और गैस की कीमतें सभी के लिये समान रूप से और भी बढ़ सकती हैं।

- **यह प्रतिद्वंद्विता भारत की इकॉनमी को भारी संकट में डाल सकती है, क्योंकि भारत अपनी खपत (डिमाण्ड) का 75-80 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है और ऑयल की कीमत में भारी उछाल, भारत की इकॉनमी को जरजरा देगा।**

## द्रौपदी मुर्मू ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आदिवासी महिला हैं, झारखंड के राज्यपाल के रूप में, ओडिशा की विधायक एवं मंत्री के रूप में तथा कॉलेज के लैक्चरर के रूप में अपनी क्षमताएं पहले ही सिद्ध कर चुकी हैं। यह सोच कि यह आदिवासी महिला इस पद के लिये सक्षम एवं लायक नहीं है, व्यक्ति की खराब मानसिकता को प्रदर्शित करता है।''

रवि ने कहा कि मुर्मू वोट माँगने के लिये 10 जुलाई को कर्नाटक जायेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाताओं की वर्तमान संख्या के आधार पर, 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में उनकी विजय सुश्निचित है।

सिन्हा, जो चुनाव-प्रचार के सिलसिले में रविवार को बेंगलुरू में थे, यहाँ कांग्रेस विधायक दल की मीटिंग में पहुँचे तथा उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार राजनैतिक विरोधियों को ''परेशान'' करने के लिये ई.डी., सी.बी.आई. तथा आयकर जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुये, रवि जो चिकमंगलूर से विधायक हैं, ने कहा, ''ई.डी. या आयकर विभाग ईमानदार लोगों के खिलाफ कुछ नहीं कर सकते, लेकिन भ्रष्ट लोग इनसे बच नहीं सकते। अगर कोई भ्रष्ट है तो वह चिन्तित होगा ही, ईमानदार लोगों का चिन्तित होने की जरूरत ही नहीं है और न वे चिन्तित होंगे।'' उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में मुर्मू को समर्थन देने की जे.डी. (एस.) की योजना का स्वागत भी किया।

# रूस ने यूक्रेन के एक और शहर पर कब्जा जमाया

- **यूक्रेन की सेना ने पुष्टि की है कि, देश के पूर्वी शहर लिसिचांस्क पर रूस की सेना ने अपना नियंत्रण कर लिया है।**

कीव, 4 जुलाई (वार्ता)। यूक्रेन की सेना ने पुष्टि की है कि देश के पूर्वी शहर लिसिचांस्क पर रूस की सेना ने अपना नियंत्रण कर लिया है। बीबीसी ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

यूक्रेनी सेना के जनरल स्टाफ ने कहा, लिसीचांस्क में भारी संघर्ष हमारे रक्षा बलों को अपने कब्जे वाले स्थानों से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह कदम यूक्रेनी रक्षकों के जीवन को संरक्षित करने के लिए उठाना पड़ा।

इससे पहले रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा था कि उनकी सेना ने लिसिचांस्क पर कब्जा कर लिया है और लुहांस्क क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है।

इस बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि उनकी सेना अपनी रणनीति और आधुनिक हथियारों की आपूर्ति में वृद्धि के साथ लिसिचांस्क को फिर से अपने कब्जे में ले लेगी।

रूसी शहर बेलगोरोड में यूक्रेन के हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मृतकों में एक ही परिवार के दो सदस्यों के शव मिले हैं। मृतकों के रिश्तेदार ने सोमवार को स्पूतनिक को यह जानकारी दी।

यूक्रेन ने शनिवार को बेलगोरोड के रिहायशी इलाके को क्लस्टर वारहेड्स से लैस तीन टोचका-यू मिसाइलों से निशाना बनाया गया, लेकिन सभी तीन मिसाइलों को रूसी वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा हवा में नष्ट कर दिया गया। यूक्रेनी मिसाइलों में से एक के टुकड़े एक घर पर गिर गए।

परिवार के एक सदस्य ने कहा, मृतकों में ओलेग, उनकी पहली पत्नी ओल्गा, उनके दो बच्चे तथा ओल्गा की मां शामिल है। उन्होंने कहा कि बाद के दो के शव रविवार शाम को मिले।

बेलगोरोड के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने शुरू में कहा था कि हमले के परिणामस्वरूप चार लोग मारे गए।

## 'वैभव...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

फैसला लिया गया है। इसके साथ ही पुराने खिलाड़ियों को दी जाने वाली पेंशन की शुरूआत की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है, जिसे जल्दी ही कार्यक्रम आयोजित कर जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राजस्थान की क्रिकेट प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए राजस्थान प्रीमियर लीग पर काम किया जा रहा है। फिलहाल बीसीसीआई को प्लान बनाकर भेजा गया है। बीसीसीआई से परमिशन मिलने का इंतजार है, जैसे ही वहां से हरी झंडी मिलेगी तो आरपीएल को लेकर आगे की रणनीति बनाई जाएगी, जिससे राजस्थान के खिलाड़ियों को नैशनल स्तर पर मौका मिल सके।

# टाटा ने सरकारी कंपनी नीलाँचल इस्पात का अधिग्रहण किया

- **टाटा ग्रुप ने नीलाँचल इस्पात निगम लिमिटेड को खरीदने के लिए करीब 12 हजार करोड़ रु. सरकार को अदा किये हैं। यह कम्पनी बीते कुछ वर्षों से लगातार घाटे में चल रही थी।**

नई दिल्ली, 4 जुलाई (वार्ता)। इस्पात क्षेत्र की कंपनी नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड (एन.आई.एन.एल.) का टाटा संस की कंपनी टाटा स्टील लाँग प्रोडक्टस लिमिटेड ने 12100 करोड़ रुपये में अधिग्रहण कर लिया है। कंपनी ने 93.71 प्रतिशत हिस्सेदारी ली है।

कंपनी ने 12100 करोड़ रुपये के भुगतान के साथ ही आज एन.आई.एन.एल. का नियंत्रण अपने पास ले लिया। एन.आई.एन.एल. चार सरकारी उपक्रमों एम.एम.टी.सी. 49.78 प्रतिशत, एम.एम.डी.सी. 10.10 प्रतिशत, मेकॉन 0.68 प्रतिशत और भेल 0.68 प्रतिशत के साथ ही ओडिशा सरकार की दो कंपनियों ओ.एम.सी. 20.47 प्रतिशत और आई.पी.आई.सी.ओ.एन. 12 प्रतिशत हिस्सेदारी वाला संयुक्त उपक्रम है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस रणनीतिक विनिवेश के लिए टाटा संस की यह कंपनी सबसे बड़ी बोलीकर्ता के रूप में सामने आयी थी। इसके बाद दो फरवरी को इस संबंध में पत्र जारी किया गया और 10 मार्च को शेयर खरीद अनुबंध किया गया था। इस अनुबंध के तहत टाटा की कंपनी द्वारा दी गयी 12100 करोड़ राशि का उपयोग कर्मचारियों के बकाये चुकान, परिचालन कर्जदारों के ऋण भुगतान, सुरक्षित वित्तीय ऋणदाताओं को भुगतान किये जाने है। इसमें से शेयरधारकों को भी हिस्सेदारी दी जायेगी।

यह कम्पनी बीते कुछ वर्षों से लगातार घाटे में चल रही थी।

## 'कांग्रेस के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बढ़ेगा और पार्टी को ताकत भी मिलेगी। सोलंकी ने यह भी कहा कि ''डिजायर सिस्टम के चलते बहुत से पुराने कांग्रेस जन अपने परिजनों के तबादले कराने से वंचित रह जाते हैं और उनका मनोबल टूटता है। इसलिए मैं हमेशा कहता रहा हूं कि ऐसे लोगों के लिए डिजायर की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।''

इसी के साथ जब उनसे पूछा गया कि मुख्यमंत्री की ओर से पहले सचिन पायलट को और फिर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को निकम्मा बोला गया, तो उन्होंने कहा कि ''मुख्यमंत्री ने किस संदर्भ में किसको बोला, यह अलग बात है, लेकिन राजनीति में मुख्यमंत्री ने इतना समय लिया है जितनी हमारी उम्र भी नहीं है। ऐसे में आप लोग अपना अपना मतलब लगाने के लिए स्वतंत्र हैं। साथ ही सोलंकी ने यह भी कहा कि हालांकि राजनीति में एक भाषा की गरिमा जरूर होनी चाहिए और हमारी पार्टी के नेता भी सब कुछ बोलें, लेकिन सभी बातों पर हम सहमत हो यह जरूरी नहीं है।''

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908